ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD
Malleshwaram, Bengaluru – 560 003

# 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-4
# S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-4 – 2024-25

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : Third Language — HINDI

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H** **Subject Code : 61-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] [ Time : 3 Hours

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] [ Max. Marks : **80**

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'ईमान' शब्द का विलोम शब्द है –

   (A) बेईमान (B) ईमानी

   (C) ईनाम (D) ईमानदारी

2. 'बादशाह' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) राजा (B) रानी

   (C) बेगम (D) सेविका

3. निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन शब्द है –

   (A) लड़के (B) मालाएँ

   (C) बातें (D) आँख

4. 'गणेश' शब्द में संधि है –

   (A) गुण (B) यण्

   (C) दीर्घ (D) वृद्धि

5. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) चलना (B) चलवाना

   (C) चलाना (D) चाल

6. आज का युग इंटरनेट का युग है । वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नसूचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) योजक (D) पूर्ण विराम

7. निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है –

(A) राजा–रानी (B) पीतांबर

(C) त्रिधारा (D) ताजमहल

8. 'पौ फटना' – मुहावरे का अर्थ है –

(A) प्रभात होना (B) शाम होना

(C) इस्तेमाल होना (D) भाग जाना

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :**

**4 × 1 = 4**

9. सेब बेचनेवाला : बेईमान निकला : : रेवड़ियाँ बेचनेवाला : .................

10. जैनुलाबदीन : आशियम्मा : : जलालुद्दीन : .............

11. ई–हैकिंग : अभिशाप : : ई–गवर्नेन्स : .................

12. तुलसीदास : रामभक्त कवि : : सूरदास : .........................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे ?

14. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

15. आई० टी० ई० एस० का विस्तृत रूप क्या है ?

16. आज की दुनिया कैसी है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. 'मातृभूमि' कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?

18. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

19. बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने क्या कहा ?

20. कलाम जी का बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में बीता, कैसे ?

21. दूकानदार ने सेब का वर्णन कैसे किया ?

22. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

23. शनि सौर–मंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

शनि का वातावरण कैसे बना हुआ है ?

24. सत्य का स्वरूप कैसा होता है ?

**अथवा**

अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. बालकृष्ण अपनी माता से बलराम के बारे में क्या-क्या शिकायतें करता है ?

26. प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन – इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

27. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

28. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

29. गिल्लू के अंतिम दिन का वर्णन कीजिए ।

30. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

31. बचेन्द्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।

    साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।

33. निम्नलिखित वाक्य का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी भाषा में कीजिए :

    सत्य की महिमा अपार है । सत्य महान् और परम शक्तिशाली है । अतः हमें हर स्थिति में सत्य बोलने और पालन करने का अभ्यास करना चाहिए ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..................................

...............................................

...............................................

................................ भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4**

36. चंद्रयान-3 भारत का महत्वाकांक्षी और सफल चंद्र मिशन है । चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.35 बजे भारत के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ाया गया । दक्षिणी

ध्रुव चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का सफल प्रयास है । चंद्रमा के इस हिस्से तक पहुँचनेवाला अब तक भारत एकमात्र देश है । इस महान सफलता के कारण प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाते हैं ।

(अ) चंद्रयान-3 को किस अंतरिक्ष केंद्र से उड़ाया गया था ?

(आ) चंद्रयान-3 क्या है ?

(इ) चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचनेवाला एकमात्र देश कौन–सा है ?

(ई) 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' कब मनाया जाता है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

37. (क) **इंटरनेट – एक वरदान**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ इंटरनेट का महत्व
- ✳ इंटरनेट से लाभ
- ✳ उपसंहार ।

(ख) **पर्यटन का महत्व**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ पर्यटन का अर्थ और लाभ
- ✳ पर्याटन–एक शौक
- ✳ उपसंहार ।

(ग) **जनसंख्या की समस्या**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
- ✳ नियंत्रण के उपाय
- ✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षिक प्रवास जाने के लिए 3,000 रुपए भेजने की विनती करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।